प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाऍं।

पत्रॉक: प्राशिप/अनु0–06/नव0 23–24/6182 लखनऊ: दिनॉक: 14.12.2023

विषय: शैक्षिक सत्र 2023–24 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरान्त नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन किये जाने हेतु अन्तिम अवसर दिये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रॉक प्राशिप/अनु06/नव0 2023–24/4997 दिनांक 16/10/2023 एवं प्राशिप/अनु06/नव0 2023–24/5500 दिनांक 09/11/2023 एवं प्राशिप/अनु06/नव प्रवे0 नामॉकन 2023–24/5906 दिनांक 29/11/2023 का संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें।

उक्त के अनुक्रम में अवगत कराना है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से प्राप्त डिप्लोमा इंजी0 एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु सत्र 2023–24 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2023–24 हेतु अन्तिम रूप से परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए लिंक दिनांक 15/12/2023 से 16/12/2023 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक खोला जा रहा है।

अतः प्राथमिकता के आधार पर छात्र/छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही समयान्तर्गत करना सुनिश्चित करें। यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में नामांकन हेतु पोर्टल नही खोला जायेगा। यहॉ यह भी अवगत कराना है कि यदि कोई भी छात्र/छात्रा नामांकन फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा। यदि किसी छात्र/छात्रा का डाटा पंजीकरण हेतु नही दिख रहा हो तो संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद से दिनांक 15/12/2023 को ही परिषद के अनुभाग 6 की ईमेल आईडी upbteanu6@gmail.com पर डाटा सॉफ्ट कापी (Excel) में एवं हार्डकापी में भी भिजवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 स0: प्राशिप/अनु0–06/नव0 23–24/6183-85 तद् दिनॉक: 14.12.2023

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य का अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।